# खास-खबरें

## जनसेवा और चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. यादव सम्मानित



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, बरेली:** चिकित्सा सेवा और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बी. यादव को प्रतिष्ठित कम्युनिटी सर्विस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जबलपुर में आयोजित पांचवीं एंडो डायलॉग कॉन्फ्रेंस के दौरान देशभर से आए ख्यातिप्राप्त चिकित्सकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। डॉ. यादव लंबे समय से चिकित्सा सेवा को मानवता की सेवा का माध्यम मानते हुए समाज के विभिन्न वर्गों के लिए कार्य कर रहे हैं। सम्मान समारोह में मध्यप्रदेश के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. अजय बिश्नोई, डॉ. ऋचा शर्मा, डॉ. अखिलेश गुमास्ता, डॉ. सौरभ बड़ेरिया, डॉ. रितु श्रीवास्तव, डॉ. परिमल स्वामी, डॉ. बी.के. भारद्वाज तथा डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव सहित अनेक चिकित्सा विशेषज्ञ और गणमान्यजन उपस्थित रहे। वक्ताओं ने डॉ. यादव के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें चिकित्सा क्षेत्र की प्रेरणादायी हस्ती बताया।

## उपजेल गंजबासौदा में सात दिवसीय योग अभियान का शुभारंभ



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, गंजबासौदा:** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में उपजेल गंजबासौदा में सात दिवसीय योग अभियान का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार आयोजित किया जा रहा है। अभियान का उद्घाटन ऑनलाइन माध्यम से माननीय मुख्य न्यायमूर्ति विवेक रूसिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपजेल के बंदियों ने वर्चुअल रूप से सहभागिता करते हुए योग के महत्व और उसके लाभों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम में योग गुरु महेंद्र रघुवंशी ने योगाभ्यास एवं विभिन्न योगासन की जानकारी देते हुए नियमित योग के लाभ बताए। उन्होंने कहा कि योग तनाव कम करने, मानसिक एकाग्रता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का प्रभावी माध्यम है।

## सोमवती अमावस्या और अधिकमास के समापन पर शिप्रा तटों पर उमड़ा आस्था का जनसैलाब



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन:** सोमवती अमावस्या, अमृत सिद्धि योग और अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) के समापन के अवसर पर सोमवार को धर्मनगरी उज्जैन में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मोक्षदायिनी शिप्रा नदी के घाटों पर सुबह से ही हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने ब्रह्ममुहूर्त में पवित्र स्नान कर पितरों की शांति के लिए तर्पण, पूजन और दान-पुण्य के धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए। शिप्रा स्नान के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा महाकाल के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। महाकालेश्वर मंदिर परिसर में दिनभर भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं और पूरा वातावरण जयकारों से गूंजता रहा। अधिकमास के समापन और सोमवती अमावस्या के दुर्लभ संयोग के कारण श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया।

## कोतवाली चौराहे पर कबाड़ के ढेर में आग: 3 बाइकें जलकर खाक

**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** कोतवाली चौराहे के पास आज सुबह लगभग पांच बजे कबाड़ के ढेर में आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि वे तीन मंजिला मकान तक पहुंच गईं, जिससे आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। इस घटना में वहां खड़ी तीन मोटरसाइकिलें, जिनमें एक स्पलेंडर, एक डीलक्स और एक पल्सर शामिल थीं, पूरी तरह जलकर खाक हो गईं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इलाके में नाले की सड़क टूटी होने का फायदा उठाकर कबाड़ी ने मोहल्ले और सरकारी जमीन पर अवैध रूप से कबाड़ फैला रखा है। आशंका है कि इसी कबाड़ के ढेर के कारण आग तेजी से फैली। मोहल्ले के लोगों में मकान मालिक और कबाड़ संचालक के खिलाफ भारी आक्रोश है। मोहल्ले वासियों ने प्रशासन से इस रिहायशी इलाके से अवैध कबाड़ और अतिक्रमण को तुरंत हटाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके। बताया गया है कि विकास ठाकुर सहित अन्य लोगों ने फायर ब्रिगेड टीम की मदद कर आग पर काबू पाने में सहयोग किया।

## जनकल्याण शिविर बने समस्याओं के त्वरित समाधान के प्रभावी मंच



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा:** प्रदेशव्यापी जनकल्याण अभियान के अंतर्गत कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले में आयोजित जनकल्याण शिविर त्वरित समाधान, राहत, सहायता और भरोसे का केंद्र बनते जा रहे हैं। इन शिविरों में ग्यारसपुर तहसील में संपन्न दो-दिवसीय शिविर के दौरान 431 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 237 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इस शिविर में 8 पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

# शिप्रा के आंचल से 'अशुद्धि' की विदाई: 100 फीट नीचे बहेगी कान्ह, ऊपर लहराएगी हरियाली

### इंदौर का दूषित पानी अब शिप्रा को नहीं छुएगा, अंडरग्राउंड टनल से गंभीर नदी में होगा 'डिस्चार्ज'

▶▶ **अब 100 फीट नीचे बहेगी कान्ह नदी, शिप्रा को मिलेगा नया जीवन**

अभय धर्मे





**उज्जैन।** आगामी सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए उज्जैन में जल संसाधन विभाग एक ऐसे अनूठे प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है, जो न केवल तकनीकी रूप से अद्भुत है, बल्कि देश में अपनी तरह का पहला उदाहरण भी बनेगा। शिप्रा नदी को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए इंदौर की कान्ह नदी के दूषित पानी को अब शहर के घाटों से दूर सीधे गंभीर नदी की ओर मोड़ा जा रहा है।

**जमीन के नीचे बहेगा दूषित पानी, ऊपर होगी खेती:** इस महत्वाकांक्षी 'कान्ह डायवर्जन क्लोज डक्ट परियोजना' की सबसे बड़ी खासियत यह है कि कान्ह नदी का दूषित पानी जमीन से लगभग 100 फीट (30 मीटर) नीचे एक विशाल सुरंग के जरिए गुजरेगा। इस सुरंग के ऊपर की जमीन पर किसान पहले की तरह अपनी खेती कर सकेंगे। यानी, नीचे नदी का बहाव होगा और ऊपर फसलों की हरियाली। यह प्रोजेक्ट दिसंबर 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

**अधिकारियों ने दी जानकारी:** परियोजना की प्रगति पर प्रकाश डालते हुए जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल ने बताया कि इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य शिप्रा नदी को शुद्ध करना है। शुभम अग्रवाल ने कहा कि सिंहस्थ 2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को पवित्र शिप्रा के निर्मल जल में स्नान मिल सके, इसके लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। जमालपुरा गांव के पास से कान्ह नदी के पानी को डायवर्ट कर इसे शहर की सीमा से बाहर गंभीर नदी के डाउनस्ट्रीम में छोड़ा जाएगा, जिससे शिप्रा का स्वरूप पूरी तरह बदल जाएगा।

**अत्याधुनिक इंजीनियरिंग और संचालन:** इस विशाल प्रोजेक्ट के निर्माण में हैदराबाद की प्रतिष्ठित फर्म 'रिवर वोल्ट हाइड्रो प्राइवेट लिमिटेड' के 80 विशेषज्ञों की टीम जुटी हुई है। विभाग के एसडीओ योगेश सेवक की देखरेख में निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। खास बात यह है कि निर्माण एजेंसी केवल इसे बनाएगी ही नहीं, बल्कि अगले 15 वर्षों तक इस पूरी व्यवस्था के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी भी उसी की होगी।

**शिप्रा की शुद्धता के लिए 'कवच' :** कान्ह डायवर्जन प्रोजेक्ट वास्तव में शिप्रा के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह है। वर्तमान में इंदौर की कान्ह नदी का गंदा पानी शिप्रा में मिलने से जल प्रदूषण एक बड़ी समस्या बना हुआ था। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद शिप्रा और कान्ह का मिलन पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। यह तकनीकी नवाचार न केवल सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की आस्था को स्वच्छ जल के रूप में सम्मान देगा, बल्कि उज्जैन के जलीय पारिस्थितिकी तंत्र (इकोसिस्टम) को भी पुनर्जीवित करेगा।

**कार्यपालन विभाग की विशेष निगरानी :** परियोजना के दौरान सुरक्षा और गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है। कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल और उनकी टीम द्वारा किए गए तकनीकी आकलन के अनुसार, 60 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। 'कट एंड कवर' तकनीक के माध्यम से बनाई जा रही इस नहर को कंक्रीट से इस तरह ढका जा रहा है कि यह पूरी तरह सुरक्षित और रिसाव मुक्त रहे। विभाग की यह तत्परता दर्शाती है कि सिंहस्थ 2028 के लिए उज्जैन प्रशासन किसी भी स्तर पर कोई कमी नहीं छोड़ना चाहता है।

### प्रोजेक्ट के प्रमुख बिंदु

**कुल लागत:** 919.94 करोड़ रुपये।
**सुरंग की लंबाई:** 30.15 किलोमीटर।
**तकनीक:** 12 किलोमीटर लंबी टनल और शेष 18.15 किलोमीटर में 'कट एंड कवर' तकनीक से नहर का निर्माण।
**सुरंग की बनावट:** यह सुरंग 'डी' आकार के कंक्रीट बॉक्स जैसी है, जिसे चार वर्टिकल शाफ्ट के जरिए बनाया जा रहा है।

## सीहोर में 61 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी, इछावर में हुई तेज बारिश

**सीहोर।** सीहोर में सोमवार दोपहर को मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को राहत मिली। दोपहर बाद आसमान में घने काले बादल छा गए, जिससे दिन में ही अंधेरा हो गया। इसके बाद करीब 61 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चली, जिसने धूल का गुबार उड़ाया।

आंधी के बाद झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। इस मौसम परिवर्तन से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बारिश का असर अलग-अलग रहा। इछावर ब्लॉक में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई, जबकि जिला मुख्यालय पर केवल बूंदाबांदी हुई।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, दोपहर बाद वायुमंडल में अचानक हुए बदलाव के कारण घने बादलों का निर्माण हुआ। इस बारिश से मालवा-मध्य क्षेत्र के इस हिस्से को काफी हद तक ठंडक मिली है। आगामी 24 घंटों में भी जिले के कुछ हिस्सों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। आज दर्ज की गई बारिश के आंकड़े इस प्रकार हैं: इछावर में 0.91 इंच, श्यामपुर में 0.18 इंच, भैरूंदा में 0.16 इंच और सीहोर में 0.09 इंच बारिश हुई।

# विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा : नपाध्यक्ष राठौर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** नगर के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा विभिन्न विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। इसी क्रम में नपाध्यक्ष ने कहा कि किसी भी नगर के विकास की आधारशिला मजबूत सड़कें और सुव्यवस्थित नालियां होती हैं। इनके बिना नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना संभव नहीं है। उक्त विचार सोमवार को नगर पालिका परिषद की पीआईसी (प्रेसिडेंट इन काउंसिल) बैठक नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कही। बैठक में नगर विकास एवं जनहित से जुड़े कुल 20 प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा की गई, जिन्हें सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

नपाध्यक्ष श्री ने कहा कि नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क निर्माण, नाली निर्माण एवं जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। बरसात के मौसम को देखते हुए जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए विशेष योजना के तहत नालियों का निर्माण एवं मरम्मत कार्य कराया जा रहा है।

बैठक में वार्ड क्रमांक 2 में ब्रह्मपुरी कॉलोनी की आंतरिक गलियों में पेपर ब्लॉक निर्माण कार्य लागत 11.66 लाख वार्ड क्रमांक 15 में लगभग 30.56 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन (कम्युनिटी हॉल) निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई। वहीं वार्ड क्रमांक 17 स्थित राजविहार कॉलोनी के सामने मुख्य मार्ग पर पुलिया निर्माण कार्य हेतु लगभग 23.05 लाख रुपये के पुनरीक्षित प्राक्कलन को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करने पर सहमति बनी।


इसके अतिरिक्त वार्ड क्रमांक 18 में लेकर कॉलोनी कंट्रोल की दुकान से सतीश के घर होते हुए मुख्य मार्ग तक सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए लगभग 10.22 लाख रुपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति पर विचार किया गया। वार्ड क्रमांक 19 में मोदी जी के घर से सोनी जी के घर तक सीसी सड़क निर्माण कार्य के लिए लगभग 13.59 लाख रुपये के प्राक्कलन को भी स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में वार्ड क्रमांक 19 के वाल्मीकि नगर क्षेत्र की आंतरिक गलियों में नाली एवं पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य हेतु लगभग 11.04 लाख रुपये की लागत के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। इसके साथ ही एमपीईबी चौराहे के समीप महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा स्थापना कार्य की निविदा को स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक पहचान को और मजबूती मिलेगी।

नगर परिषद शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध?: नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर परिषद शहर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। परिषद द्वारा लिए गए निर्णयों से विभिन्न वार्डों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा नागरिकों को बेहतर सड़क, नाली, सामुदायिक भवन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

उन्होंने कहा कि नगर पालिका जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता देते हुए सीहोर को एक स्वच्छ, सुंदर एवं विकसित नगर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर सिंह, सभापति राजेश मांझी, मुकेश मेवाड़ा, नरेंद्र राजपूत, कमलेश राठौर, सविता अर्जुन राठौर, संतोष शाक्य, अजयपाल सिंह राजपूत एवं नगर पालिका के सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सोमवती अमावस्या पर नर्मदा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरुंदा:** अधिक मास की सोमवती अमावस्या पर नर्मदा तटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। ब्रह्ममुहूर्त से ही श्रद्धालु नर्मदा स्नान के लिए घाटों पर पहुंचने लगे और दिनभर विभिन्न घाटों पर धार्मिक गतिविधियां जारी रहीं। नीलकंठ के कौशल्या संगम, मंडी, सिलकंठ सातदेव और छीपानेर सहित प्रमुख घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या पर नर्मदा स्नान और दान-पुण्य का विशेष महत्व माना जाता है। इसी विश्वास के साथ दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा में स्नान कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना की। घाटों पर पूजा-अर्चना, दान-पुण्य और धार्मिक अनुष्ठानों का क्रम दिनभर चलता रहा। महिलाओं ने नर्मदा तट पर दीप प्रज्ज्वलित कर मां नर्मदा की आराधना की। श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु का पूजन कर धार्मिक अनुष्ठान संपन्न किए तथा पितरों की शांति के लिए तर्पण एवं दान-पुण्य भी किया। पूरे क्षेत्र में 'हर-हर नर्मदे' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। भैरुंदा और गोपालपुर थाना पुलिस के जवान घाटों पर तैनात रहे। इसके अलावा स्थानीय गोताखोरों और सुरक्षा दलों ने भी निगरानी रखी, जिससे श्रद्धालुओं को सुरक्षित स्नान की सुविधा मिल सके।

## जीआरपी ने देवास में अंतरराज्यीय चेन स्नैचिंग गिरोह पकड़ा

**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवास:** पुलिस ने संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दो बड़ी सफलताएं हासिल की हैं। देवास पुलिस ने अंतरराज्यीय चेन स्नैचिंग गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है, वहीं जीआरपी इटारसी ने ट्रेन में चोरी करने वाले एक शातिर आरोपी को पकड़कर लाखों रुपये का चोरी गया सामान बरामद किया है।

देवास पुलिस ने ऑपरेशन 'त्रिनेत्रम' के तहत चार महिलाओं और तीन पुरुषों सहित सात सदस्यीय गिरोह को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार गिरोह ने पिछले 15 दिनों में देवास, ग्वालियर, आगरा, शिवपुरी और जबलपुर के भेड़ाघाट क्षेत्र में नौ चेन चोरी की वारदातों को अंजाम दिया था। देवास में 10 जून को हुई घटना की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर तंत्र की सहायता से आरोपियों तक पहुंच बनाई गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 156 ग्राम वजनी नौ सोने की चेन, एक टाटा हेक्सा कार, छह मोबाइल फोन, नकदी सहित लगभग 50 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति जब्त की है।

पुलिस जांच में सामने आया कि सभी आरोपी मूल रूप से तमिलनाडु के निवासी हैं और धार्मिक आयोजनों में श्रद्धालु बनकर महिलाओं को निशाना बनाते थे। भीड़भाड़ के दौरान महिला सदस्य चेन चोरी करती थीं, जबकि पुरुष सदस्य निगरानी और परिवहन का काम संभालते थे। उधर, जीआरपी इटारसी ने राजधानी एक्सप्रेस में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से सोने का मंगलसूत्र, मोबाइल फोन, टैबलेट सहित करीब 8.52 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति बरामद की गई है।

## टीईटी विवाद: शिक्षक 18 को सौंपेंगे ज्ञापन

**मंदसौर।** शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) से जुड़े विवाद और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद उत्पन्न परिस्थितियों को लेकर जिले के शिक्षकों ने अपनी आवाज बुलंद करने का निर्णय लिया है। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर 18 जून को मंदसौर जिले में प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ, जिला मंदसौर के पदाधिकारियों ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से 23 अगस्त 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के सेवा हितों, वरिष्ठता, पदोन्नति तथा अन्य वैधानिक अधिकारों के संरक्षण की मांग की जाएगी। उनका कहना है कि उस समय की प्रचलित नियमावली एवं चयन प्रक्रिया के तहत नियुक्त हुए शिक्षकों को वर्षों की सेवा के बाद नई पात्रता शर्तों के कारण असमंजस और असुरक्षा की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

## ग्रीष्मकालीन संगीत कक्षाओं के समापन समारोह में बच्चों ने बिखेरा सुरों का जादू



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदा:** नवांकुर संगीत विद्यालय में आयोजित ग्रीष्मकालीन संगीत कक्षाओं का समापन समारोह उत्साह और सांगीतिक प्रस्तुतियों के साथ संपन्न हुआ। समारोह में विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत के विभिन्न रागों पर आधारित फिल्मी गीतों, भजनों तथा वाद्य प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने समूह गीत और भजन प्रस्तुत कर कार्यक्रम की आकर्षक शुरुआत की। इसके बाद विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने राग बिलावल, भैरवी, दरबारी, यमन, किरवानी, पीलू, खमाज और चारुकेशी सहित अनेक रागों पर आधारित गीतों की प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। समारोह में प्रथम वर्ष से लेकर प्रभाकर स्तर तक के लगभग 100 विद्यार्थियों ने भाग लिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने लय और ताल के साथ गीत प्रस्तुत कर उपस्थितजनों की खूब सराहना प्राप्त की। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय संगीत आधारित फिल्मी गीतों ने कार्यक्रम को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में तबला वादन की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट ताल साधना का प्रदर्शन करते हुए खूब वाहवाही बटोरी। इसके साथ ही विभिन्न वाद्य यंत्रों की प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक संदीप कुमार रावत ने किया। इस अवसर पर कराओके ग्रुप के प्रमुख राजेश नेमा, सूर्यप्रकाश श्रीवास्तव, राकेश शर्मा, सुनील दत्त तथा जयदत्त शर्मा सहित अनेक अतिथि उपस्थित रहे।

## एक व्यक्ति के रक्तदान से तीन लोगों को मिलता है जीवनदान : डॉ. जैन



**नईदुनिया प्रतिनिधि, विदिशा:** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय जिला चिकित्सालय विदिशा में स्थित ब्लड बैंक द्वारा रक्तदाता सम्मान समारोह एवं स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के साथ आयोजित रक्तदान शिविर में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में लगभग 31 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया।

शिविर में विदिशा आईएपी के अध्यक्ष एवं आईएमए एमपी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ एमके जैन ने बताया कि रक्तदान सबसे बड़े दानों में से एक माना जाता है, क्योंकि जरूरतमन्द व्यक्ति जरूरत के समय रक्त सिर्फ दान द्वारा ही प्राप्त कर पाता है और एक व्यक्ति के रक्तदान से तीन व्यक्तियों को जीवनदान प्राप्त होता है।

यह दिन कार्ल लैंडस्टीनर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जिन्होंने ब्लड ग्रुप (रक्त समूहों) की खोज की थी' और इस वर्ष 2026 यह हम सभी के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि आइएपी ने दो शानदार सहयोगियों थैलेसीमिक्स इंडिया और आईएपी पीडियाट्रिक हेमाटोलॉजी-ऑन्कोलॉजी चैप्टर के साथ इसे मनाया है।

रक्तदान से जान बचाने वाली अहमियत को ये ऑर्गनाइज़ेशन ही ज़्यादा गहराई से समझते हैं, जो हर दिन थैलेसीमिया और बचपन के कैंसर से जूझ रहे बच्चों के साथ काम करते हैं और उनके जीवन को हमेशा रक्तदान से सहेज कर सुरक्षित रखते हैं। इस अवसर पर आईएमए के वरिष्ठ सदस्य एवं जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ अनूप वर्मा ने बताया कि जिला अस्पताल में प्रति माह 400 यूनिट रक्त लगता है और हमारा सौभाग्य है कि विदिशा के रक्तदान दाता रक्तदान के लिए हमेशा तत्पर रहते है।

आईएमए सदस्य एवं मेडिकल विशेषज्ञ डॉ राजकुमार वर्मा, विदिशा के पूर्व आईएमए अध्यक्ष डॉ दिनेश शर्मा, आईएमए सदस्य डॉ विमल, आईएमए सदस्य एवं ब्लड बैंक प्रभारी डॉ राजेंद्र कुशवाहा ने बताया कि रक्तदान हेतु उम्र 18 से 65 वर्ष के बीच और वजन कम से कम 45 किलो बजन वाला कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है।


**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, 0755-2518300, marketing@mpsedc.com

**NOTICE INVITING TENDERS (NIT)**

MPSEDC invites online proposals for following bids on MP Tender :-

| S.No. | Tender No. | NIT |
|---|---|---|
| 1 | MPSEDC/MKT/SWAN/2026/696 | Request for Proposal for Supply, Installation and Commissioning of Water Purifiers across the Prisons of Madhya Pradesh |
| 2 | MPSEDC/MKT/SWAN/2026/697 | Request for Proposal for Supply, Installation and Commissioning of LED TVs across the Prisons of Madhya Pradesh |

For detailed scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on MP Tender Portal **www.mptenders.gov.in**
M.P. Madhyam/126391/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**